Bareilly, Sunday,
30 March 2025
BAREILLY EDITION
Price ₹ 3.00/-
Pages 12

दैनिक जागरण
Happy Navratri
inext

PAGE NO 4 : BOTTOM

# चेन्नई के आरएमडी कॉलेज की टीम विजेता

bareilly@inext.co.in

**BAREILLY (29 March):** तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई स्थित आरएमडी इंजीनियरिंग कॉलेज की टीम तीन दिवसीय हैकाथॉन 3.0 में विजेता बनी. तमिलनाडु के डिंडीगुल स्थित एनपीआर कॉलेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी की टीम ने हैकाथॉन 3.0 में दूसरा स्थान हासिल किया. तीसरा स्थान एसआरएमएस सीईटी की टीम को मिला. एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक व चेयरमैन देव मूर्ति, ट्रस्ट सचिव आदित्य मूर्ति ने विजेताओं को नकद इनामी राशि व सर्टिफिकेट प्रदान किए.

## 27 मार्च को हुआ था शुरू

श्रीराम मूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (सीईटी) में 27 मार्च को तीन दिवसीय हैकाथॉन 3.0 आरंभ हुआ. 'सुरक्षित दुनिया के लिए स्मार्ट सोल्यूशन' थीम पर आयोजित कार्यक्रम में यूजी और पीजी वर्ग में तमिलनाडु, तेलंगाना, एमपी और यूपी के तकनीकी महाविद्यालयों की 46 टीमों में 172 स्टूडेंट्स शामिल हुए. 27 मार्च को इसका इनॉग्रेशन हुआ था. कॉलेज के इंस्टीट्यूशनल इनोवेशन काउंसिल के सहयोग से टेक एज सेल द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में शामिल सभी प्रतिभागियों ने दूसरे दिन 28 मार्च को अपने तकनीकी एवं समस्या-समाधान कौशल से प्रौद्योगिकी का उपयोग कर 'सुरक्षित दुनिया को स्मार्ट सॉल्यूशन' थीम पर प्रोटोटाइप और मॉडल पर काम किया.



सर्टिफिकेट देकर किया सम्मानित.